आकाशवाणी चंडीगढ़

17 अगस्त 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 11 हज़ार करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया

-श्री मोदी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि प्रदेश में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है

-- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता को समर्पित की गई सड़क परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया

-- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने राहुल गांधी की बिहार यात्रा की आलोचना की और कहा कि सर्वोच्च अदालत पर विश्वास नहीं है

-- जींद में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो-एसीबी ने जुलाना नगर पालिका के प्रधान डॉ. संजय जांगड़ा और उनके रिसेप्शनिस्ट को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 11 हज़ार करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। दिल्ली और हरियाणा को जोड़ने वाले द्वारका एक्सप्रेस-वे और दिल्ली अर्बन इक्स्टेन्शन रोड –दो से हरियाणा के सोनीपत और बहादुरगढ़ के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और यातायात सुगम होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पिछले दस वर्षों में सड़क संपर्क में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।

*दिल्ली एनसीआर के कनेक्टिविटी में बीते दशक में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। यहां आधुनिक और चौडे एक्सप्रेसवे है। दिल्ली एनसीआर मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क इलाकों में से एक है। यहां नमो भारत जैसा आधुनिक रैपिड रेल सिस्टम है। यानी बीते 11 वर्षों में दिल्ली एनसीआर में आना जाना पहले के मुकाबले आसान हुआ।*

---------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में दो बड़ी सड़क परियोजनों क उद्घाटन अवसर पर कहा की सरकार नए वस्तु एंव सेवा कर ढांचे पर काम कर रही है।

इस अवसर पर श्री मोदी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा में युवाओं को पूरी पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक समय कांग्रेस सरकारों का था। उस समय की कांग्रेस की सरकार के दौरान हरियाणा में युवाओं के लिए बिना "पर्ची और खर्ची" के एक सरकारी नियुक्ति तक मिलना असंभव था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में अब तक लाखों युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की लगातार कोशिश रहती है कि जनता के जीवन को सरल बनाया जाए और यह हमारी नीतियों और निर्णयों में साफ झलकता है।

---------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जनता को समर्पित की गई दो सड़क परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका मार्गदर्शन और प्रोत्साहन वर्तमान हरियाणा सरकार के लिए सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को पारदर्शी और योग्यता आधारित अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हरियाणा इस दिशा में देशभर में एक नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि हरियाणा विकास और सुशासन के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ेगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज विपक्ष को घेरते हुए कहा कि राहुल गांधी की बिहार यात्रा की आलोचना की । उन्होंने कहा कि इस से यह अर्थ निकलता है कि विपक्ष को सर्वोच्च अदालत पर विश्वास नहीं है। श्री विज आज अंबाला में मीडिया कर्मियों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार यात्रा के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं के नाम कटने के संबंध में अदालत ने अंतरिम आदेश भी दे दिए हैं इसलिए विपक्ष को सर्वोच्च अदालत के आदेश का सम्मान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय सेवक संघ -आरएसएस का जिक्र किए जाने से विपक्ष द्वारा उठाए गए सवाल के बारे में श्री विज ने कहा कि आरएसएस का जिक्र क्यों नहीं किया जाना चाहिए। आज आरएसएस विश्व की सबसे बडी संस्था है, यह संस्था देशभक्त संस्था है।

-------------------------------------------------------------------------------------

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उत जाने को लेकर राहुल गांधी की आलोचना की है।

--------------------------------------------------------------

हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने भिवानी के सिंघानी में मनीषा हत्याकांड को लेकर कहा है कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

आज भिवानी में भाजपा की कार्यकारिणी की बैठक के बाद मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रातो-रात पुलिस अधीक्षक का तबादला किया गया व पांच पुलिस कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनीषा हत्याकांड मामले की खुद निगरानी कर रहे हैं।

राहुल गांधी के वोट चोरी मुद्दे पर उन्होंने कहा कि गैर जिम्मेवार टिप्पणी करना अनुचित है। चुनाव आयोग अपना काम कर रहा है।

-----------------------------------------------------

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज गुरुग्राम जिले के गांव बहोड़ा कला स्थित ब्रह्मकुमारी ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित रक्तदान अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कि रक्तदान न केवल मानव जीवन को बचाने का कार्य है, बल्कि यह एक प्रकार की राष्ट्र सेवा भी है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने ई-रक्तकोष तैयार किया है, जिसमें रक्त से संबंधित सभी जानकारियों का एक महत्वपूर्ण डेटाबेस तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जरूरत पड़ने पर रक्त को आसानी से और शीघ्रता से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

जींद में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो-एसीबी की टीम ने जुलाना नगर पालिका के प्रधान डॉ. संजय जांगड़ा और उनके रिसेप्शनिस्ट सतबीर 2 लाख 27 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

-------------------------------------------------------------------------------------

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हिसार निवासी ज्योति मल्होत्रा यू-ट्यूबर के मामले में पुलिस के विशेष जांच दल -SIT ने 2,500 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है।

ज्योति को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा